NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष:05, अंक:-140, पृष्ठ: 12 | बुधवार, 26 नवम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# दिल्ली ब्लास्ट केस में सातवीं गिरफ्तारी

## सुसाइड बॉम्बर उमर का साथी शोएब पकड़ा गया





नई दिल्ली। लाल किले के पास हुए कार बम धमाके के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। एनआईए ने फरीदाबाद से शोएब नामक एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शोएब ने आतंकी उमर नबी को धमाके से ठीक पहले न केवल पनाह दी, बल्कि लॉजिस्टिक सपोर्ट भी मुहैया कराया था। इस गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में अब तक कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या सात हो गई है।

घटनाक्रम और आरोपी की भूमिका

सूत्रों के अनुसार, शोएब की गिरफ्तारी के बाद मामले की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शोएब को पहले भी इस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और फिर छोड़ दिया गया था। हालांकि, ताजा खुलासों के बाद उसे दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। यह भी बताया जा रहा है कि शोएब ही मुख्य आतंकी डॉक्टर उमर को मेवात और नूंह जैसे इलाकों में ले गया था। वहां पर डॉक्टर उमर शोएब की बहन की घर ही ठहरा था।

बरामदगी और एनआईए की जांच में नया अपडेट

गिरफ्तारी का यह महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब एक अन्य गिरफ्तार आरोपी, डॉक्टर मुज्जमिल ने पूछताछ के दौरान शोएब के घर का खुलासा किया। डॉक्टर मुज्जमिल की निशानदेही पर एनआईए ने शोएब के घर से कुछ महत्वपूर्ण चीजें बरामद की हैं, जिनमें एक ग्राइंडर और अन्य सामग्रियां शामिल हैं।

यह माना जा रहा है कि इन सामग्रियों का इस्तेमाल बम बनाने या अन्य आतंकी गतिविधियों के लिए किया जा सकता था। एनआईए वर्तमान में शोएब से गहन पूछताछ कर रही है, ताकि इस आतंकी मॉड्यूल के अन्य सदस्यों और उनके नापाक इरादों का पता लगाया जा सके। दिल्ली के लाल किले मेट्रो स्टेशन के पास 10 नवंबर 2025 को एक कार में हुए धमाका हुआ था। इस धमाके में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है।

# भारत का लोकतंत्र दुनिया के लिए मिसालः राष्ट्रपति



नई दिल्ली। आज संविधान दिवस है, जिसे हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। आज ही के दिन 1949 में भारत ने अपने संविधान को अंगीकार किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस विशेष समारोह का नेतृत्व किया। यह कार्यक्रम पुराने संसद भवन के ऐतिहासिक केंद्रीय कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र दुनिया के लिए मिसाल है। भारत जल्द दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा।

इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया और असमिया सहित 9 भाषाओं में संविधान का अनुवादित संस्करण जारी किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, संविधान दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर आप सभी के बीच आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। आज ही के दिन 26 नवंबर, 1949 को संविधान भवन के इसी केंद्रीय कक्ष में संविधान सभा के सदस्यों ने भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करने का कार्य पूरा किया था। उसी वर्ष आज ही के दिन हम भारत के लोगों ने अपने संविधान को अंगीकार किया था। स्वतंत्रता के बाद संविधान सभा ने भारत की अंतरिम संसद के रूप में भी कार्य किया। प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर हमारे संविधान के प्रमुख निर्माताओं में से एक थे।

# नदी में गिरी कार, पांच लोगों की मौत



लखीमपुरखीरी। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में आधी रात के बाद एक भयावह सड़क हादसा हुआ, एक कार अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। इस हादसे में कार में सवार छह लोगों में से पांच की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गिरजापुरी बैराज से पहले स्थित शारदा सायफन के पास देर रात दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। शादी समारोह से वापस लौट रही एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर शारदा सायफन में जा गिरी, जिससे कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक को गंभीर हालत में बचा लिया गया। पढ़ुआ थाना प्रभारी अभिषेक सिंह के मुताबिक, कार में सवार जितेंद्र पुत्र विपिन बिहारी निवासी घाघरा बैराज, घनश्याम पुत्र बल्लू निवासी घाघरा बैराज, लालजी पुत्र मेवा लाल निवासी सीशियन पुरवा, अजीमुल्ला पुत्र अज्ञात निवासी गिरजापुरी, सुरेंद्र पुत्र विशुसोखा निवासी रामवृक्ष पुरवा थाना सुजौली जनपद बहराइच, लखीमपुर से शादी निपटाकर कार से बहराइच जनपद की तरफ वापस जा रहे थे।

# कमला पसंद कंपनी के मालिक की बहू दीप्ति ने की आत्महत्या



नई दिल्ली। देश के मशहूर पान मसाला कंपनी कमला पसंद और राजश्री के मालिक कमल किशोर चौरसिया की बहू दीप्ति चौरसिया (40) ने दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, दीप्ती का शव पंखे से लटका हुआ मिला।

दीप्ति का शव सबसे पहले उसके पति हरप्रीत चौरसिया ने देखा। हरप्रीत उन्हें अस्पताल लेकर गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को एक डायरी मिली है, जिसमें दीप्ति ने अपने पति के साथ विवाद का जिक्र किया है। दीप्ति ने डायरी में लिखा है कि अगर किसी रिश्ते में प्यार और भरोसा नहीं तो फिर रिश्ते में रहने की और जीने की वजह क्या है। पुलिस के मुताबिक, दीप्ति और उनके पति अलग-अलग घरों में रहते थे। दीप्ति की 2010 में हरप्रीत चौरसिया से शादी हुई थी। दोनों के दो बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि हरप्रीत ने दो शादियां की हैं। दूसरी पत्नी दक्षिण भारतीय फिल्मों की एक्ट्रेस हैं। दीप्ति के परिजन ने खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाया है।

कमला पसंद पान मसाला के संस्थापक कमलाकांत चौरसिया और कमल किशोर चौरसिया हैं। कंपनी 1973 में रजिस्टर्ड हुई थी। हालांकि, पान मसाला और गुटखा बनाने-बेचने का असल व्यापार 1980 के दशक में शुरू हुआ था।



# अरुणाचल पर भारत-चीन फिर आमने-सामने

## चीन बोला- अरुणाचल हमारा, इस पर भारत का अवैध कब्जा, भारत बोला- अरुणाचल हमारा अभिन्न हिस्सा, सच्चाई बदल नहीं सकती

**बीजिंग/नई दिल्ली।** चीन ने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया है। मंगलवार को चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि जांगनान (अरुणाचल प्रदेश) हमारा हिस्सा है। उन्होंने कहा कि चीन ने भारत के अवैध तरीके से बसाए अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी।

चीन का यह बयान भारतीय महिला पेम वांगजॉम थांगडॉक के साथ शंघाई एयरपोर्ट पर बदसलूकी के आरोपों के सवाल पर आया। चीन ने पेम के साथ बदसलूकी के आरोपों को भी नकार दिया है। चीन के इस बयान पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। चीन चाहे जितना भी इनकार करे, सच्चाई नहीं बदल सकती। जायसवाल ने बताया कि भारत ने पेम की हिरासत के मामले को चीन के सामने कड़े शब्दों में उठाया है। चीनी अधिकारी अब तक यह नहीं बता पाए हैं कि महिला को क्यों रोका गया। चीन के अपने नियम भी 24 घंटे तक बिना वीजा ट्रांजिट की अनुमति देते हैं, जो सभी देशों के नागरिकों पर लागू होते हैं।





**अरुणाचल पर चीन अपना दावा करता है**

चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी है। वो अरुणाचल को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताता है। उसका आरोप है कि भारत ने उसके तिब्बती इलाके पर कब्जा करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया है। चीन अरुणाचल के इलाकों के नाम क्यों बदलता है, इसका अंदाजा वहां के एक रिसर्चर के बयान से लगाया जा सकता है।

2015 में चाइनीज एकेडमी ऑफ सोशल साइंस के रिसर्चर झांग योंगपान ने ग्लोबल टाइम्स को कहा था, 'जिन जगहों के नाम बदले गए हैं वो कई सौ सालों से हैं। चीन का इन जगहों का नाम बदलना बिल्कुल जायज है। पुराने समय में जांगनान (चीन में अरुणाचल को दिया नाम) के इलाकों के नाम केंद्रीय या स्थानीय सरकारें ही रखती थीं।

इसके अलावा इलाके के जातीय समुदाय जैसे तिब्बती, लाहोबा, मोंबा भी अपने अनुसार जगहों के नाम बदलते रहते थे। जब जैंगनेम पर भारत ने गैर कानूनी तरीके से कब्जा जमाया तो वहां की सरकार ने गैर कानूनी तरीकों से जगहों के नाम भी बदले। झांग ने ये भी कहा था कि अरुणाचल के इलाकों के नाम बदलने का हक केवल चीन को होना चाहिए।

**अरुणाचल प्रदेश के सीएम ने दी प्रतिक्रिया**

इस मामले में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी प्रतिक्रिया देते हुए घटना की निंदा की है। महिला को शंघाई पुडोंग हवाई अड्डे पर लगभग 18 घंटे तक रोक कर रखा गया थे क्योंकि अधिकारियों ने उसके भारतीय पासपोर्ट को मान्यता देने से कथित तौर पर इनकार कर दिया था। खांडू ने कहा कि ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय नागरिक पेमा वांगजोम थोंगडोक के साथ हुई इस घटना से वह गहरा सदमा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि चीन के अधिकारियों का व्यवहार अपमान और नस्लीय उपहास के समान है। मुख्यमंत्री ने कहा, वैध भारतीय पासपोर्ट होने के बावजूद, उनसे ऐसा व्यवहार भयावह है।

**भारत का अभिन्न अंग है अरुणाचल प्रदेश**

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा, अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। इसके अलावा कोई भी आरोप निराधार और आपत्तिजनक है। खांडू ने इस घटना को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन और भारतीय नागरिकों की गरिमा का अपमान बताते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि विदेश मंत्रालय इस मामले को तत्काल उठाएगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ऐसी घटनाएं दोबारा ना हों।

### भारतीय महिला के पासपोर्ट को अवैध बताया था

ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय पेम ने आरोप लगाया था कि चीनी अधिकारियों ने उनके भारतीय पासपोर्ट को अवैध बताया था, क्योंकि उसमें जन्मस्थान के तौर पर अरुणाचल प्रदेश लिखा हुआ था। वह 21 नवंबर को लंदन से जापान जा रही थीं। शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट पर उनका 3 घंटे का ट्रांजिट था। इसके जवाब में चीनी प्रवक्ता माओ ने कहा कि महिला के साथ कोई जबरदस्ती, हिरासत या परेशान करने जैसा व्यवहार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि एयरलाइन ने महिला को आराम, पानी और खाने की सुविधा भी दी।



# 'दलित समाज से होने की वजह से ध्वजारोहण समारोह में नहीं बुलाया गया'



**फैजाबाद (अयोध्या)।** संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि उन्हें अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण से जुड़े समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया। हालांकि, भाजपा ने इन आरोपों को निराधार बताकर खारिज कर दिया है। इस मामले को लेकर सपा की सहयोगी कांग्रेस पार्टी के एक सांसद ने भी आलोचना की है और कहा है कि दलित होने की वजह से प्रसाद को आमंत्रित नहीं किया गया। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तवतव ने आरोपों को महज राजनीतिक बताते हुए कहा, 'आरोप पूरी तरह से तथ्यहीन हैं और अयोध्या के सांसद श्रीमान अवधेश प्रसाद जी की वास्तव में भगवान श्रीराम के प्रति आस्था या भक्ति होती तो वह अयोध्या वासियों के साथ प्रधानमंत्री द्वारा धर्म ध्वजा फहराये जाने के कार्यक्रम में स्वतः शामिल होते।' इसके पहले अवधेश प्रसाद ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, 'रामलला के दरबार में धर्म ध्वजा स्थापना कार्यक्रम में मुझे न बुलाए जाने का कारण मेरा दलित समाज से होना है। तो यह राम की मर्यादा नहीं, किसी और की संकीर्ण सोच का परिचय है। राम सबके हैं। मेरी लड़ाई किसी पद या आमंत्रण को लेकर नहीं है, बल्कि सम्मान, बराबरी और संविधान की मर्यादा के लिए है।'

# राबड़ी देवी को सरकारी आवास खाली करने का नोटिस

**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने का नोटिस मिला है। पिछले 28 साल से लालू परिवार इस बंगले में रह रहा है। भवन निर्माण विभाग ने नोटिस भेजकर इस आवास को खाली करने को कहा है। इसके साथ ही राबड़ी देवी को नया बंगला आवंटित किया गया है। भवन निर्माण विभाग की ओर से जारी आदेश में अब उन्हें 39, हार्डिंग रोड, पटना के सरकारी आवास में होने के लिए कहा गया है। ऐसे मे अब राबड़ी देवी को पहले से आवंटित 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास को खाली करना होगा। दरअसल, 10 सर्कुलर रोड आवास पूर्व मुख्यमंत्रियों के कोटा के तहत आवंटित किया जाता है। लेकिन राबड़ी देवी विधान परिषद में नेता विरोधी दल हैं।

# आगरा के शिक्षकों का दिल्ली में प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग, निजीकरण एवं सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली के जंतर मंतर पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसमें आगरा के शिक्षक व कर्मचारी भी शामिल रहे। विरोध प्रदर्शन करने वालों ने कहा कि अपने हक और सम्मान के लिए शिक्षक और कर्मचारियों की लाखों में उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि हक की बात उठाने के लिए हम किसी से डरने और दबने वाले नहीं है। तानाशाही रवैया रखने वाली सरकारों की नींव हिला देंगे और जल्द ही 2004 से पूर्व की भांति पुरानी पेंशन बहाल होगी। आगरा से शिक्षक एमएलसी (आगरा खंड) निर्वाचन 2026 मोहम्मद वसीम कलाम उपस्थित रहे।

# 'मैं पार्टी को शर्मिंदा या कमजोर नहीं करना चाहता'

**कनकपुरा।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि वह पार्टी को किसी भी हाल में शर्मिंदा या कमजोर नहीं करना चाहते। कांग्रेस में सीएम पद को लेकर चल रहे आंतरिक झगड़े पर मीडिया के कई सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने अपने 'जमीर' की बात की और कहा कि सब कुछ उसी के मुताबिक होना चाहिए। शिवकुमार ने कनकपुरा में कहा, 'मैं जमीर पर यकीन करता हूं। हमें जमीर या अंतःकरण के मुताबिक काम करना चाहिए। मैं पार्टी को शर्मिंदा या कमजोर नहीं करना चाहता।'



जब शिवकुमार से पूछा गया कि क्या कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली गए हैं और राहुल गांधी से सत्ता हस्तांतरण पर बात करने वाले हैं, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस मामले की कोई जानकारी नहीं है। यह 5-6 लोगों के बीच का गुप्त मामला है। मैं इसे खोलकर नहीं बताऊंगा। सीएम सिद्धारमैया एक सीनियर नेता हैं और हमारी पार्टी की बड़ी संपत्ति हैं। वह 7.5 साल से सीएम हैं। उन्होंने खुद कहा है कि अगला बजट वह पेश करेंगे। मुझे बहुत खुशी है। उन्होंने विपक्ष के नेता के तौर पर कड़ी मेहनत की है। उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाया है। हम सबको मिलकर 2028 और 2029 के चुनावों के लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए।'

शिवकुमार से जब पूछा गया कि क्या लोग उनके सीएम बनने की प्रार्थना कर रहे हैं, तो उन्होंने भावुक होकर जवाब दिया, 'अब मेरे सत्ता में आने की प्रार्थना करने से बेहतर है कि मैं उन प्रार्थनाओं को न भूलूं, जो मेरी माताओं, युवाओं और बुजुर्गों ने कीं, जब मैं जेल गया था। उन्होंने मंदिरों में पुजारियों से मेरे लिए दुआएं मांगीं। भाजपा के दौर में जब मैं जेल से रिहा हुआ, तो लोगों ने पुलिस की धमकी के बावजूद बिना डरे मेरा स्वागत किया। कई लोगों ने मेरी रिहाई तक चप्पल नहीं पहनी। आज मैं डिप्टी सीएम और पार्टी अध्यक्ष हूं। मुश्किल वक्त में दी गई वो दुआएं मुझे खुद पर यकीन दिलाती हैं, जो मेरे लिए बहुत खास हैं।'

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

# बांकेबिहारी मंदिर में सेवायत ने श्रद्धालु का फोड़ा सिर, मारपीट



एनएनआई

**मथुरा।** श्रीबांकेबिहारी मंदिर में जबरदस्त भीड़ के बीच मंगलवार शाम को चंदन कोठरी के समीप श्रद्धालु और सेवायत गोस्वामी के बीच मारपीट हो गई। जिससे श्रद्धालु का सिर फट गया। लहूलुहान श्रद्धालु ने बचाव के लिए लोगों को पुकारा, लेकिन उसकी सहायता के लिए कोई आगे नहीं आया। गोस्वामी मौके से भाग गया। श्रद्धालु की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

श्रीबांकेबिहारी के प्राकट्योत्सव के अवसर पर देशभर से आराध्य के दर्शन के लिए श्रद्धालु मंदिर में उमड़ पड़े। भीड़ के दबाव के बीच रमणरेती क्षेत्र निवासी 60 वर्षीय रंजन अरोड़ा अन्य श्रद्धालुओं को चंदन कोठरी की ओर जाते देख बांकेबिहारी के समीप से दर्शन करने के लिए सीढ़ियां चढ़ रहे थे कि तभी पहले से मौजूद गोस्वामी ने उन्हें रोक दिया। सीढ़ियों से धक्का देते हुए वहां से जाने को कहा।

इस पर भी श्रद्धालु अन्य भक्तों को चंदन कोठरी की ओर जाता देख दो कदम आगे बढ़ा तो गोस्वामी ने उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान गोस्वामी ने पहन रखा कड़ा उसके सिर में जा लगा। जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगे।

श्रद्धालु सिर से खून बहता देख घबरा गया और लोगों से सहायता मांगने लगा, लेकिन श्रद्धालु की सहायता के लिए कोई आगे नहीं आया। झगड़े की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने श्रद्धालु को अस्पताल भेजा। जब श्रद्धालु ने मंदिर के सेवायत गोस्वामी की शिकायत पुलिस से की तो पुलिस ने चुप्पी साध ली। श्रद्धालु ने बताया कि वह मूलरूप से पंजाब के अमृतसर के रहने वाले हैं। वह पिछले ढाई साल से वृंदावनवास कर रहे हैं।

पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि श्रद्धालु की तहरीर मिलने पर गोस्वामी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। गोस्वामी की पहचान की जा रही है। मंदिर में यदि मारपीट और श्रद्धालुओं से अभ्रदता यदि कोई करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हाथरस में पुलिस सुरक्षा में बारात चढ़ी, दबंगों ने दी थी धमकी

एनएनआई

**हाथरस।** सासनी कोतवाली क्षेत्र के नगला रामबल गांव में पुलिस सुरक्षा के बीच एक बारात की चढ़त हुई और वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस दौरान गांव में भारी पुलिस बल तैनात रहा। दरअसल, गांव में एक दलित परिवार की बेटी की शादी थी।

बारात आने पर कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि गांव के दबंग किस्म के लोग बारात की चढ़त नहीं होने दे रहे हैं। बताया गया कि पहले भी इन दबंगों ने दलितों की बारात नहीं चढ़ने दी थी। इस सूचना पर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष प्रकाश चंद्र गौतम, अजय कुमार, तिलक सिंह निगम, राशिद मलिक और सचिन गौतम सहित कई सदस्य मौके पर पहुंचे।



उन्होंने कोतवाली सासनी पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही कोतवाली सासनी इंस्पेक्टर अवधेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में बारात की चढ़त हुई और सभी वैवाहिक रस्में शांतिपूर्ण ढंग से पूरी की गईं। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया।

# सीजेएम कोर्ट में महिला ने खुद पर मिट्टी का तेल डाला, पुलिस ने बचाया

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** सीजेएम न्यायालय परिसर में मंगलवार दोपहर एक महिला ने प्रॉपर्टी विवाद को लेकर आत्मदाह का प्रयास किया। पूनम नामक इस महिला ने अपने ऊपर मिट्टी का तेल उड़ेल लिया था, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की तत्परता से उसे बचा लिया गया और एक बड़ी घटना टल गई।

एएसपी नगर रविशंकर प्रसाद के अनुसार, पूनम मथुरा नगर की निवासी है। उसने अपने सास, ससुर, पति अमित और अन्य पर प्रॉपर्टी हड़पने तथा प्रताड़ना का आरोप लगाया था। इस संबंध में उसने 21 सितंबर 2025 को थाना उत्तर में एक मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में नामजद सास, ससुर और पति को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मंगलवार को इसी मुकदमे की सुनवाई के लिए उसके पति की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी थी। इसी दौरान पूनम ने अचानक न्यायालय परिसर में मिट्टी का तेल निकालकर खुद पर उड़ेल लिया और आग लगाने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए महिला को काबू में कर लिया। इस त्वरित कार्रवाई से कोई बड़ा हादसा होने से बच गया। महिला को सुरक्षित हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।


महिला एवं पुरूष 45,000 होमगार्ड्स की भर्ती हेतु
One Time रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ

1 – अनुभवी – शिक्षकों द्वारा लिखित परीक्षा की तैयारी ।
2 – सप्ताह दर सप्ताह टेस्ट की सुविधा ।
3 – सीमित पाठ्यक्रम (Course) के माध्यम से परीक्षा की तैयारी की सुविधा ।
4 – यदि किसी अभ्यर्थी के साप्ताहिक परीक्षा (Test) में नंबर सही नहीं आते तो उनको अलग से समय देकर तैयारी करायी जायेगी ।
5 – लिखित परीक्षा से पहले ही परीक्षा में अच्छे नंबर लाने योग्य बनाया जायेगा।
6 – लिखित परीक्षा के साथ सेनावृति पुलिस एवं होमगार्ड्स के प्रशिक्षकों द्वारा फिजीकल की तैयारी कराने के सुविधा दी जाएगी।
7 – एकेडमी में लम्बाई एवं सीना नापने की की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी।
8 – ओ.टी.आर एवं आवेदन करने हेतु संपर्क करे।
जे.डी एकेडमी
जे.डी एकेडमी
पताः– तोमर कॉम्प्लैक्स जगनेर रोड, धनौली, आगरा
डायरेक्टर :– जयवीर सिंह तोमर (EX. - कम्पनी कमांडर होमगार्ड्स उत्तर प्रदेश)
मो. 9412416081, 9997490901, 9634148448

# होटल के कमरे से चल रहा था साइबर क्राइम, आठ शातिर अरेस्ट



एनएनआई

**आगरा।** विदेश में बैठे साइबर ठगों के लिए भोले-भाले लोगों को जाल में फंसाकर उनके 75 लाख से 10 करोड़ तक की लिमिट के खाते खुलवाने वाले गिरोह के आठ आरोपियों को को साइबर सेल की टीम ने थाना ताजगंज के एक होटल से गिरफ्तार किया। खातों में ठगी की रकम आने पर साइबर ठग चीनी डिवाइस और एप की मदद से मिनटों में क्रिप्टोकरेंसी और डॉलर में बदलकर अपने 40 से 50 म्यूल एकाउंट में ट्रांसफर कर लेते हैं। एक आरोपी देवेंद्र दुबई से प्रशिक्षण लेकर आया है। खाते खुलवाने पर साइबर ठग एजेंटों को दो प्रतिशत कमीशन देते थे।

अपर पुलिस उपायुक्त आदित्य सिंह ने बताया कि साइबर सेल की टीम को सूचना मिली थी कुछ लोग थाना ताजगंज क्षेत्र के होटल में ठहरे हुए हैं। वह म्यूल एकाउंट के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले हैं। इस सूचना पर टीम ने कार्रवाई की। ताजगंज के फतेहाबाद रोड स्थित होटल जिम्मी में सोमवार रात 1 बजे दबिश देकर आठ लोगों को पकड़ लिया। पुलिस के पहुंचने से पहले चार लोग भाग गए। दो आरोपियों पर पहले से साइबर अपराध की प्राथमिकी दर्ज है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि आरोपी कंबोडिया, म्यांमार आदि देशों में बैठे साइबर ठगों के लिए काम करते हैं।

आरोपी लोगों को लालच देकर उनके दस्तावेज की मदद से म्यूल एकाउंट खुलवाते हैं। इन एकाउंट की जानकारी, डेबिट कार्ड और चेक बुक सरगना के पास भेज देते थे। साइबर ठगी की रकम इन खातों में जमा कराई जाती थी। इसके बदले में आरोपियों को दो प्रतिशत का कमीशन हर लेन-देन पर मिलता था। जिन लोगों के खाते खुलवाए जाते थे, उनको एक से दो हजार ही देते थे। आरोपियों के मोबाइल में व्हाट्सएप चैट में खातों की जानकारी मिली है। इन खातों की शिकायत दर्ज है, जिनमें साइबर ठगी की रकम आई थी।

अपर पुलिस उपायुक्त के मुताबिक, मोबाइल में एक डिवाइस का वीडियो मिला। इसके बारे में पूछने पर आरोपियों ने बताया कि साइबर ठग एक डिवाइस की मदद से रकम को 40 से 50 तक म्यूल एकाउंट में ट्रांसफर करते हैं। लोगों को फंसाकर जो खाते खुलवाए जाते हैं, उनकी लिमिट 75 लाख से 10 करोड़ तक रखी जाती है। एक साथ रकम आने पर एक ही खाते में ट्रांसफर नहीं की जा सकती। कई बार पुलिस इन खातों को फ्रीज भी करा देती है।

**इनकी हुई गिरफ्तारी**

पुलिस ने रनवीर भार्गव (निवासी कैलाशपुरी, पालम गांव दक्षिण, पश्चिमी दिल्ली), सौरभ चौधरी (निवासी नागल खुर्द, अलीगढ़), अनुज (निवासी 305, भगत कतरा, औरैया), राहुल कुमार (निवासी कावेरी कुंज, आगरा), देवेंद्र प्रताप सिंह (निवासी सर्वोदय नगर अल्लापुर, प्रयागराज), अजय कुमार (निवासी प्रताप नगर, जगदीशपुरा, आगरा), ध्रुवनाथ प्रताप सिंह (निवासी बल्लीपुर, फिरोजाबाद) और चिरंजीवी शर्मा (निवासी फुलट्टी बाजार, एमएम गेट आगरा) को गिरफ्तार किया है।

# मुठभेड़ में चार अरेस्ट

## पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश हुए घायल



एनएनआई

**आगरा।** पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान बाइक और मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान दो के पैर में गोली लगी है, जिनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना एकता क्षेत्र में 19 नवंबर को बाइक और मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने इस वारदात को अंजाम देने वाले चार बदमाशों को घेर लिया। बुधवार रात गढ़ी देवरी पुलिया के पास मुठभेड़ के दौरान इनको गिरफ्तार कर लिया। भागने का प्रयास करते समय आरोपियों ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमला किया, जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में सुन्दर और सूरज के पैरों में गोली लगी है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, लूटा गया मोबाइल, एक लूटी हुई बाइक और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

## मंदिर से पीतल की मूर्ति चोरी

**आगरा** एनएनआई। थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के नवलगंज स्थित प्राचीन शिवेश्वर महादेव मंदिर में रखी लड्डू गोपाल की पीतल की मूर्ति अज्ञात बीते सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। मंदिर से भगवान की मूर्ति चोरी की घटना के बाद से भक्तों में काफी रोष व्याप्त है। मंदिर से भगवान की मूर्ति के गायब होने की जानकारी मिलते ही भक्त भानु प्रताप सिंह ने इसकी जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने इसकी जानकारी इलाकाई पुलिस को भी दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था लचर होने से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। फिलहाल मामले की पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश में जुटी है।





## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# सुसाइड के 36 दिन बाद मोबाइल में मिले चौंकाने वाले राज, पुलिस कर रही जांच

- मोबाइल में युवती के 53 कॉल्स और साथी के 46 कॉल्स मिले
- पिता का आरोप-बेटे को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई थी




एनएनआई

**आगरा।** थाना सिकंदरा क्षेत्र के अतुस निवासी ज्वैलर्स राजा उर्फ प्रिंस की आत्महत्या के 36 दिन बाद अब ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। मृतक के पिता मुकेश वर्मा ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उनके बेटे को दुष्कर्म के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया, जिसके दबाव में उनके बेटे ने विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली।

मुकेश वर्मा के अनुसार, उनका बेटा राजा उर्फ प्रिंस उनके साथ रायभा स्थित ज्वैलर्स की दुकान चलाता था। 19 अक्टूबर को राजा ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया था। इलाज के लिए दिल्ली ले जाते समय उसकी मौत हो गई थी।

पिता का दावा है कि 24 नवंबर को जब उन्होंने बेटे का मोबाइल चेक किया तो उसमें 19 अक्टूबर को कीर्ति नामक युवती के 53 कॉल और उसके साथी तरुण के 46 कॉल मिले। तरुण की एक युवती भी राजा के घर आई थी, जिसकी पुष्टि कॉल रिकॉर्ड से हुई है। मुकेश वर्मा ने आरोप लगाया कि कीर्ति और उसके साथियों ने राजा को प्रेम जाल में फंसाकर अश्लील फोटो खींचे और इन्हीं के दम पर दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल किया।

इसी मानसिक दबाव में उनके बेटे ने जान दे दी। पुलिस अब मोबाइल रिकॉर्ड, कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

# शादी-बारातों को लेकर पुलिस ने जारी की सख्त एडवाइजरी

एनएनआई

**आगरा।** सहालग को देखते हुए पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। मैरिज होम और होटलों संचालकों को निर्देश दिए हैं कि बाहर पार्किंग नहीं होने दें। हथियारों के साथ विवाह और समारोह स्थल में प्रवेश पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही लोगों से भी अपील की गई है कि घरों पर ताला लगाकर जाएं तो थाना और चौकी पर सूचना जरूर दें जिससे सुरक्षा के इंतजाम किए जा सकें।

**ये हैं निर्देश**

घर से 2-3 या उससे अधिक दिन के लिए बाहर जाएं तो नजदीकी चौकी या थाना पर सूचना अवश्य दें।

होटल, रिसोर्ट, गेस्ट हाउस, मैरिज होम, धर्मशाला, मैरिज स्थल के मालिक और मैनेजर परिसर के अंदर ही वाहनों की पार्किंग कराएं।

हथियार लेकर आने वालों को प्रवेश नहीं दिया जाए। उन्हें समारोह स्थल के गेट पर ही रोक दिया जाए।

शादी समारोह से संबंधित कोई भी कार्यक्रम सड़क पर नहीं होने दिया जाए। कार्यक्रम निर्धारित समय पर हों।

चोरी की घटनाएं न हों, इसके लिए होटल, रिसोर्ट, गेस्ट हाउस, मैरिज होम, धर्मशाला, मैरिज स्थल के मालिक, मैनेजर परिसर में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करें। मानचित्र संबंधित थाना प्रभारी को दो दिन में उपलब्ध करा दें। इनमें गार्ड भी होना चाहिए।

ऐतिहासिक स्थल, भीड़भाड़ सहित अन्य आवागमन वाले इलाकों में किसी प्रकार से अधिक ध्वनि, आवाज वाले आतिशबाजी व अधिक ज्वलनशील विस्फोटक प्रयोग नहीं किए जाएंगे।

प्रतिबंधित क्षेत्रों में बिना किसी उच्चाधिकारी की अनुमति के कोई भी ड्रोन कैमरा नहीं उड़ाएं। डीजे निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार ही बजाया जाए।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
बुधवार, 26 नवम्बर, 2025


# दो घंटे के 'विशेष अभियान' को ठेंगा

- चार बजे से पहले ही सरकारी स्कूलों में लटके मिले ताले
- घर-घर गणना प्रपत्र वितरण न करने की शिकायतें आम

एनएनआई

## मतदान केंद्रों पर नहीं पहुंचे शिक्षक




**एत्मादपुर।** मतदाता सूची अपडेट और सत्यापन के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग के एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही खत्म होने का नाम नहीं ले रही। आयोग के मंगलवार को बूथों पर विशेष अभियान के रूप में शिविर लगाकर फार्म भरवाकर संकलित करने संबंधी आदेश को भी ठेंगा दिखा दिया गया। नतीजतन अभी तक घर पर गणना फार्म नहीं मिलने पर बूथों पर पहुंचे महिला-पुरुष मतदाताओं को ताले लटके मिले। जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने एसआईआर की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई है।

मतदाता सूची के एसआईआर का काम पूरा करने को बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), सुपरवाइजर एवं अन्य नियुक्त कर्मी के पास अब चार दिसंबर तक का समय शेष है। लेकिन शुरूआती दौर से लगातार एसआईआर के काम में लापरवाह सामने आ रही है। चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार अभी तक घर-घर गणना फार्म पहुंचाने का काम भी पूरा नहीं किया गया है। गांव और मोहल्लों के मतदाता गणना फार्म देने के लिए बीएलओ के न आने की शिकायत कर रहे हैं। यही कारण है कि जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी विधानसभा क्षेत्र में कार्य की सुस्त प्रगति से खफा हैं। उन्होंने धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई है। मंगलवार को मतदाता गणना फार्म वितरण, संकलन व डिजिटाइजेशन का कार्य करने को दोपहर दो से चार बजे तक प्रत्येक बूथ पर विशेष अभियान के तहत शिविर (कैंप) लगाने के आदेश दिए गए थे। लेकिन बेसिक शिक्षा विभाग के तमाम शिक्षक और शिक्षामित्रों ने इसका अनुपालन करने के बजाए ठेंगा दिखा दिया। अधिकांश को छोड़कर इक्का-दुक्का बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारी स्कूली बूथों पर दिखाई दिए। जबकि जिलाधिकारी द्वारा सोमवार को समीक्षा बैठक में दिए गए आदेश के अनुपालन को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उसी दिन इसके आदेश जारी कर दिए गए थे। कल विशेष अभियान दिवस में दोपहर दो बजे ग्राम भीकनपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) में बीएलओ रूप किशोर और अन्य सहयोगी मुस्तैद थे। सुपरवाइजर राजेश कांत उपाध्याय प्रगति की रिपोर्ट ले रहे थे। बीएलओ ने बताया कि लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। सुरहरा उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) में बीएलओ देवेंद्र ने बताया कि उन्होंने अब तक 95 फीसदी लक्ष्य प्राप्ति कर ली है। जबकि दोपहर 3.30 बजे ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) एत्मादपुर के आठ बूथों वाले मतदान केंद्र पर ताला लटका हुआ था। यहां भाग संख्या 435 के बीएलओ विजय सिंह व राजस्व संग्रह अमीन भगवान सिंह (सुरहरा) के अलावा कोई संबंधित कर्मचारी नहीं था। फार्म भरने को आने वाले मतदाता निराश होकर लौट रहे थे।

"एसआईआर के विशेष अभियान दिवस मंगलवार को अनुपस्थित रहने वाले शिक्षक हरिओम यादव, नीमा सिंह, दानश्री प्रशांत, रजिया बेगम, शिक्षा मित्र संगीता शर्मा, सुधारानी, सर्वेश, सुमन लवानियां के संबंध में रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है।

**राजेश कांत उपाध्याय, सुपरवाइजर एत्मादपुर।"**




### बीएलओ जीजा का मददगार बना इंटर पास बेरोजगार साला

फिरोजाबाद जनपद के शिकोहाबाद निवासी इंटरमीडिएट पास बेरोजगार युवा एसआईआर कार्य में अपने बीएलओ जीजा के पूरी तरह मददगार बने हुए हैं। कल दो घंटे के विशेष अभियान में बूथ पर ताला लटका होने के बावजूद वह स्कूल परिसर में आने वाले जागरूक मतदाताओं को सूची का अवलोकन कराते एवं उनसे फार्म भरवाते हुए मिले। स्टेशन रोड की वृद्धा अनार देवी का एसआईआर फार्म भर गया है। लेकिन बहू किरनदेवी और उनके साथ आईं पड़ोसन सोनी कुमारी का नाम सूची में नहीं मिला।

### पूर्व भाजपा अध्यक्ष कर रहे सहयोग



मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष महेश चंद्र जैन बूथ से लेकर घर-द्वार (फील्ड) तक में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ता होने के नाते वह अभियान में सहयोग कर रहे हैं। स्थानीय मतदाताओं को वोट की रक्षा के प्रति जागरुक करने वह रोजाना डोर-टू-डोर बीएलओ संग कैंपेन एवं फार्म वितरण और संकलन कार्य में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की नगर अध्यक्ष स्वदेश बघेल भी कार्यकताओं की टीम के साथ सहयोग कर रही हैं।

## नगरीय क्षेत्रों में धीमी प्रगति पर डीएम की कड़ी नाराजगी

एनएनआई



**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जनपद में एसआईआर के अंतर्गत विधानसभावार बूथों पर संबंधित बीएलओ द्वारा गणना पत्रों के वितरण, संकलन व डिजिटाइजेशन कार्यों की प्रगति की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एसआईआर कार्य अति महत्वपूर्ण है मतदाता भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बीएलओ का सहयोग करें। बैठक में नगरीय क्षेत्रों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर)-2026 की प्रगति धीमी होने पर चिह्नित क्षेत्रों में 87-आगरा कैंट विधानसभा में 30 हेल्प डेस्क,88-आगरा साउथ में 23, व 89- आगरा नॉर्थ विधानसभा में 25 हेल्प डेस्क स्थापित कर तत्काल प्रभाव से सक्रिय करने के निर्देश दिए, जहां गणना पत्र भरने में सहयोग करने, संकलन करने का कार्य किया जाएगा,विशेष रणनीति अपनाते हुए, इन क्षेत्रों में बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ एनएसएस तथा नागरिक सुरक्षा आगरा के वार्डन/वॉलेंटियर आदि को अलग अलग सेक्टर व क्षेत्रवार,जन जागरूकता करने, गणना पत्रों को भरवाने में मदद,सहयोग हेतु टीम बनाकर लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने भरे हुए गणना पत्रों की बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइजेशन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सभी विधान सभाओं में गणना प्रपत्र फीडिंग केंद्रों की स्थापना कर प्रत्येक केन्द्र पर जनपद स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए तत्काल प्रभाव से कार्य संचालन करने, फीडिंग सेंटर पर वाई-फाई सुविधा, साफ सफाई, बैठने हेतु समुचित व्यवस्था करने, गणना पत्र संकलन के बाद तेजी से डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। 87-आगरा कैंट विधानसभा हेतु डीएसओ आनंद कुमार सिंह,88-आगरा साउथ में डीसी (मनरेगा) रामायण सिंह यादव, 89-आगरा नॉर्थ हेतु डीसी (एनआरएलएम) राजन राय,90-आगरा ग्रामीण हेतु समाज कल्याण अधिकारी,जीआर प्रजापति को नामित करते हुए अपने फीडिंग केंद्रों पर मौजूद रहकर सतत पर्यवेक्षण करने व प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।



### डीएम ने तीन बीएलओ को किया सम्मानित

**आगरा** एनएनआई। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) का काम समय से पहले पूरा करने पर आगरा के बेस्ट थ्री बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को आगरा डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने सम्मानित किया। इनमें बीएलओ शीला देवी, देवेंद्र सिंह और शुभम अवस्थी शामिल हैं। जिले में सबसे पहले 100% डाटा फीडिंग का काम शीला देवी ने किया। डीएम ने जिले के सभी वोटर्स से अपील की है-रक्फ़के अंतर्गत गणना प्रपत्र की सभी प्रविष्टि पूर्ण कर संबंधित बीएलओ को तत्काल प्रदान कर दें, आखिरी दिन का इंतजार न करें।एसआईआर-2026 के अंतर्गत इछड द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) के वितरण, संकलन एवं डिजिटाइजेशन कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने पर संबंधित इछड को कलेक्ट्रेट में सम्मानित किया गया।

# रुई की मंडी रेलवे फाटक पर जाम की समस्या से मिलेगी निजात:विधायक

एनएनआई

**आगरा।** छावनी विधान सभा क्षेत्र में क्षेत्र में अर्जुन नगर, बारहखंभा और नगला छउआ फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण तेजी से जारी है। करीब 116 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इन तीनों आरओबी के बन जाने के बाद न केवल शाहगंज, बल्कि जगनेर मार्ग, रुई की मंडी, आगरा कैंट और ईदगाह क्षेत्र को भी जाम से बड़ी राहत मिलेगी।इन क्षेत्रों के लोगों को आगरा कैंट पुल एवं रूई की मंडी फाटक पर भयंकर जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। रेल का फाटक बंद होने पर जाम की स्थिति और भी भंयकर हो जाती थी। उपरोक्त क्षेत्र की जनता को कलेक्ट्रेट, एमजी रोड, एसएन मेडिकल, राजामंडी, नगर निगम, दीवानी एवं भगवान टॉकीज चौराहा तक आना होता है।

छावनी क्षेत्र के विधायक डॉ. जीएस धर्मेश ने प्रेसवार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के तहत गतिशक्ति योजना के अंतर्गत हाईस्पीड ट्रेन योजना में देशभर के शहरों में स्थित भीड़भाड़ वाले रेलवे फाटकों को चरणबद्ध तरीके से बंद किया जा रहा है, ताकि शहरी



यातायात को सुगम बनाया जा सके। आगरा में भी इसी योजना के तहत वर्षों पहले डीपीआर तैयार की गई थी, लेकिन उसमें मौजूद तकनीकी खामियों के चलते इसे निरस्त करना पड़ा। बाद में नई डीपीआर में भी कई त्रुटियां सामने आईं, जिसके बाद पुनः पहले वाली डीपीआर पर ही काम आगे बढ़ाने का निर्णय किया गया। विधायक ने बताया कि रुई की मंडी रेलवे फाटक पर भी जाम की समस्या को देखते हुए रेलवे ने दिल्ली–आगरा कैंट रेलमार्ग के नीचे से एक अंडरपास तैयार किया गया है, जो जल्द ही चालू हो जाएगा। डॉ. धर्मेश ने प्रेस वार्ता में स्पष्ट किया कि शहर को जाममुक्त बनाने के लिए वे लगातार निर्माण एजेंसियों व रेलवे अधिकारियों से संपर्क में हैं और कार्य में तेजी लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

# पुलिस आयुक्त ने अत्याधुनिक कार्यालयों का किया उद्घाटन

एनएनआई

**आगरा।** पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने मंगलवार को नवीनीकृत थाना साइबर क्राइम, पुलिस लाइंस स्थित परिवहन शाखा तथा परिवहन शाखा–112 के अत्याधुनिक कार्यालयों का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस थानों और शाखाओं का उद्देश्य न केवल पुलिसिंग को मजबूत बनाना है, बल्कि आम नागरिकों को सुरक्षित और त्वरित न्याय तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराना भी है।

उन्होंने बताया कि आगरा कमिश्नरेट के सभी थानों और शाखाओं का नवीनीकरण चरणबद्ध तरीके से कराया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर (मुख्यालय) के नेतृत्व तथा सहायक पुलिस आयुक्त हरीपर्वत के पर्यवेक्षण में थाना साइबर क्राइम को एक भव्य एवं अत्याधुनिक रूप दिया गया। इसका संचालन और देखरेख थाना साइबर क्राइम प्रभारी द्वारा की गई।

नवीनीकृत थाना साइबर क्राइम में जनसुनवाई कक्ष, विवेचना कक्ष और



आगंतुक कक्ष को आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है। यहां आधुनिक थाना कार्यालय, डिजिटल सुविधाएं, महिला हेल्प डेस्क, उन्नत उपकरण, प्रतीक्षा क्षेत्र समेत कई तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

इसी तरह, पुलिस लाइंस स्थित परिवहन शाखा और परिवहन शाखा-112 के कार्यालयों का भी पूर्ण जीर्णोद्धार किया गया है। नवीनीकरण के बाद यह कार्यालय अधिक कार्यक्षम, सुव्यवस्थित और आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप बने हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि यह आधुनिकीकरण पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ जनसुविधाओं में सुधार लाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नए स्वरूप वाले थाने और शाखाएं पुलिसिंग को अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और जनोपयोगी बनाएंगी, जिससे पुलिस-जनता संबंध और सुदृढ़ होंगे। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त नगर, पुलिस उपायुक्त पूर्वी, पुलिस उपायुक्त पश्चिमी, अपर पुलिस आयुक्त (नगर) कानून व्यवस्था, अपर पुलिस आयुक्त (अपराध एवं यातायात), सभी सहायक पुलिस आयुक्त और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# धन या परिधान से नहीं स्वभाव से बनते हैं महात्मा:दीक्षित

एनएनआई

**आगरा।** महात्मा की परिभाषा उसके परिधान या धन वैभवता नहीं बल्कि उसका स्वभाव होता है। संत वही है जो सम्पूर्ण विश्व को अपना अंग समझे। विश्व कल्याण की बात करे। चाकू एक आतंकवादी, चोर और सर्जन दोनों के हाथ में होता है। परन्तु दोनों के उद्देश्य अलग हैं। एक जीवन देता है और एक जीवन लेता है। संतों की शरण से ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग मिलता है।



बोदला महारानी बाग में योजित श्रीमद्भागवत कथा में तीसरे दिन व्यासपीठ पर विराजमान महाराज दिनेश दीक्षित ने गुरु महिमा की व्याख्या करते हुए कहा कि सच्चा गुरु ही व्यक्ति को आत्म ज्ञान की ओर लेकर जाते हैं। जीवन चाहे कितना भी भ्रमित क्यों न हो, भक्ति, ज्ञान और सत्य हमें सदैव मुक्ति की ओर ले जाते हैं। श्रृंगी ऋषि द्वारा राजा परीक्षित के श्रापित होनेपर आध्यात्म पथ चलकर शुकदेव जी से मोक्ष के मार्ग प्राप्त करने की कथा का वर्णन किया। परीक्षित ने जीवन के अंतिम सात दिनों में परम सत्य की खोज का निर्णय लिया। इसी क्षण प्रकट हुए महायोगी शुकदेव , जिन्होंने श्रीमद्भागवत पुराण के माध्यम से राजा को जन्म–मृत्यु के चक्र से मुक्ति का ज्ञान प्रदान किया। विदुर चरित्र के माध्यम से धर्म, नीति और ज्ञान की ज्योति के भेद को समझाया वहीं सती चरित्र की व्याख्या में शिव भक्ति को व्यक्त किया। कथा में छाप, तिलक सब छीनी..., संतन के संग लाग रे, तेरी अच्छी कटेगी... जैसे भजनों पर श्रद्धालू भक्ति की गंगा में डूबकर खूब नृत्य किया। कथा विराम के उपरान्त सभी भक्तों ने आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के डॉ. जीएस राणा, अनीता राणा, संयोजक डॉ. अरुण प्रताप सिंह, सारिका अग्रवाल और संदीप अग्रवाल, कृष्णा अरुण त्यागी, रजनी मित्तल, महेश चंद्र,राजरानी, ममता, कावेरी बिल्डर फौजदार साहब, रेनू चौधरी प्रवीण कुमार,ममता कटारा,हरदेव शर्मा, शिवम कटारा आदि मौजूद रहे।




NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# नहरों के निरीक्षण में मिलीं खामियां

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने विभाग को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

एनएनआई



**आगरा।** कृषि कार्यों को सुचारू रखने और किसानों को समय पर सिंचाई जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिंचाई विभाग के अधिकारियो के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया ने मुख्य नहर श्यामों माइनर तथा टर्मिनल रजवाहा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि नहर के कई हिस्सों में स्क्रैप कार्य पूरा होने के बाद भी जल कुंभी नहर की तली में पड़ी है। जिससे जल प्रवाह बाधित होगा।

श्यामो माइनर की दूसरी पटरी पर ड्रेसिंग नहीं हुई है। दूसरे साइड की पटरी पर कूड़ा डालकर मार्ग अवरुद्ध किया गया है। जिस पर ईंटों के पक्के खरंजे का टेंडर निकला था। उसका भी अभी कहीं काम शुरू नहीं हुआ है। नौफरी कट पर किसानों द्वारा अनाधिकृत तरीके से ट्रैक्टर नहर में उतारकर दूसरी तरफ निकाले जा रहे हैं, जहां पटरी कटी हुई है नहर का गड्ढा बहुत बड़ा हो गया है। ट्रैक्टरों के आवागमन से कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है इसको रोकने के लिए विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। साथ ही आगे चलने पर मुर्गी फार्म के पास नहर की तली में सफाई के उपरांत भी जलकुंभी पाई गई।

आगरा टर्मिनल रजवाहा के निरीक्षण करने के दौरान देखने में आया है कि इसकी भी दूसरी तरफ की पटरी को सफाई का मलवा डालकर मार्ग अवरुद्ध किया गया है नहर की तली झाड़ सफाई नहीं हुई है इसके चलते निचले छोर तक पानी की मात्रा कम पहुँच पाएगी। टीम को इस स्थिति से निपटने के लिए तत्काल कार्य को ठीक करने के निर्देश दिए। कुछ स्थानों पर अवैध कटान, पानी मोड़ने के अनधिकृत जोड़, और नहर मार्ग पर अतिक्रमण के मामलों को भी चिह्नित किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध कटान से अन्य किसानों को नुकसान पहुँचता है और सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होती है। ऐसे मामलों से निपटने के लिए उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही तुरंत सफाई अभियान शुरू करने, मरम्मत कार्य शीघ्र करवाने, और अवैध कटान पर रोक लगाने के निर्देश दिए। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि अगले 07 दिनों के भीतर नहर की स्थिति में सुधार लाकर किसानों को निर्बाध सिंचाई जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिसका जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ मंजू भदोरिया जी को पुन : निरीक्षण कराएंगे।




## कठिनाई के समय साथ मिलेगा संगठनः राजेन्द्र गुप्ता

**आगरा** एनएनआई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, जिला आगरा की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक प्रदेश के महामंत्री राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री दीपक शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में विगत वर्ष संगठन द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी समय में आगरा जिले में संगठन को और अधिक सशक्त एवं संगठित बनाने हेतु रणनीतिक चर्चा की गई।

जिले के विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएँ बैठक में रखीं। इन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने आश्वासन दिया कि—यदि किसी भी व्यापारी को कोई कठिनाई आती है तो संगठन हर समय संघर्ष के लिए तैयार खड़ा मिलेगा।

जिला आगरा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार गुरनानी, मंडलअध्यक्ष सुनील जैन, जिलाध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल, जिला महामंत्री दीपक शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार गोयल, मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी एवं युवा प्रदेश संयुक्त महामंत्री किशोर बुधरानी युवा जिला अध्यक्ष अनुराग गोयल, जिला मंत्री राजेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, शैलेश खंडेलवाल, आईटी सेल रोहित आयलानी, रामांशु शर्मा, अमित गर्ग, विशाल बंसल, निर्मल जैन, निखिल मत लानी, बांके बिहारी अग्रवाल, महिला जिलाअध्यक्ष आशा अग्रवाल, दीपक अग्रवाल जिला आगरा की तहसीलों से रामबाबू अग्रवाल, राम प्रताप सिंह, विनोद अग्रवाल मौजूद रहे।

## शहीदी दिवस पर गुरु साहिब को किया नमन

एनएनआई



**आगरा।** गुरु तेग बहादुर साहिब महाराज, भाई मती दास ती दास , भाई सती दास और भाई दयाला के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा गुरु का ताल, आगरा में विशाल एवं भव्य कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर केवल आगरा ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से आई संगत ने शामिल होकर गुरु साहिब की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कीर्तन समागम में हजूरी रागी भाई सरवन सिंह खालसा (दरबार साहिब, अमृतसर), सिंह साहिब ज्ञानी हरपाल सिंह (हेड ग्रंथी, फतेहगढ़ साहिब), भाई अनंतवीर सिंह और भाई सतविंदर सिंह ने गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया इसके साथ ही गुरुद्वारा गुरु का ताल के स्थानीय हजूरी रागी भाई हरजीत सिंह और भाई लवजीत सिंह ने भी सुरों से संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा परिसर स्थित भाई नंदलाल हाल में शाम का विशेष समागम आयोजित हुआ, जहां गुरु महाराज के स्वरूप को पुष्पवर्षा और कीर्तन के साथ आदरपूर्वक लाया गया। इसके पश्चात रहरास साहिब का पाठ हुआ।

इस अवसर पर गुरुद्वारा के मुखी संत बाबा प्रीतम सिंह ने कहा कि 350वें शहीदी वर्ष का आयोजन गुरु कृपा का परिणाम है और नौजवान पीढ़ी को गुरुघर से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। शहीदी दिवस पर गुरुद्वारे में निःशुल्क चिकित्सा शिविर और रक्तदान शिविर भी लगाए गए, जिनमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श और दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं।इसी के साथ पिछले छह महीनों से चल रहे सहज पाठों का सामूहिक समापन भी इसी अवसर पर किया गया।शांतिमय माहौल में अरदास, हुकुमनामा और सिरोपा वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंध कमेटियों, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकताओं को भी सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने पूरे वर्ष चलने वाले आयोजनों में अहम भूमिका निभाई।

## कई देशों के मुख्य न्यायाधीशों ने निहारा ताज



एनएनआई

**आगरा।** मंगलवार को कई देशों के मुख्य न्यायाधीशों ने ताजमहल का दीदार किया।मंगलवार को दिल्ली से सड़क मार्ग से भूटान, केन्या, मलेशिया, मारीशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश ताजमहल देखने पहुंचे। सभी ने ताजमहल की सुंदरता की तारीफ करते हुए कहा कि इससे सुंदर कुछ नहीं देखा। डेढ़ घंटे से अधिक समय तक ताजमहल में वह रहे और स्मारक के बारे में जाना। ताजमहल के इतिहास, वास्तुकला, उसमें लगे पत्थर, पच्चीकारी की जानकारी ली।

ताजमहल देखने के बाद इन सभी ने आगरा किला भी देखा। दोनों स्मारकों के इतिहास, वास्तुकला की जानकारी ली। शाम को मुख्य न्यायाधीशों का दल दिल्ली लौट गया। यह सभी दिल्ली में हुए दुनिया के मुख्य न्यायाधीशों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने आए थे। सिटी मोंटेसरी स्कूल सोसायटी नई दिल्ली के तत्वाधान में 26 वें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ चीफ जस्टिस ऑफ द वर्ल्ड का आयोजन दिल्ली में कराया गया था। 47 देशों के मुख्य न्यायाधीश, न्यायविद और विशिष्ट अतिथि दिल्ली पहुंचे थे।

## पश्चिमी गेट पर पांच साल की बच्ची परिवार से बिछड़ी, मिली

एनएनआई



**आगरा।** पांच साल की पाखी अपने पिता प्रिंस चौहान और मां के साथ पश्चिमी गेट से बाहर निकल रही थी। भीड़ में उसका हाथ छूटते ही बच्ची वहीं रुक गई, जबकि माता-पिता दूसरे तरफ बढ़ गए। बच्ची रोते-रोते नीम तिराहा बैरियर तक पहुंच गई। वहां से गुजरते समय प्रभारी उपनिरीक्षक रामकुमार ने उसे रोते देखा।

रामकुमार ने तुरंत सूचना क्विक रिस्पांस टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक शिवराज सिंह को दी। दोनों ने तुरंत कैमरा चेक कराए और रेडियो पर अनाउंसमेंट कराया। आरटी सेट मैसेज के जरिए भी सूचना फैलाई गई ताकि बच्ची के माता-पिता तक जल्दी खबर पहुंचे।

अनाउंसमेंट सुनते ही पाखी के माता-पिता ने पुलिस से संपर्क किया। दोनों भागते हुए मौके पर पहुंचे और बच्ची को देखते ही गले लगा लिया। परिवार बेहद भावुक हो गया। प्रिंस चौहान ने कहा, एक पल को लगा कि हमारी बच्ची कहीं खो गई। पुलिस ने जिस तेजी से मदद की, उसके लिए हम दिल से आभारी हैं।उपनिरीक्षक शिवराज सिंह ने बताया, ताज परिसर में रोज बड़ी भीड़ रहती है। ऐसे हालात में हमारी टीम बच्चे, बुजुर्ग या किसी भी जरूरतमंद को तुरंत सुरक्षित करने के लिए हमेशा अलर्ट रहती है।

# छह बीएलओ का वेतन रोका

## एसआईआर में अभी तक 3 से 9 फीसदी तक ही किया काम

एनएनआई

**बाह।** एसआईआर में कई बार चेतावनी के बाद भी अपेक्षित प्रगति न होने पर बाह के खंड शिक्षा अधिकारी अमरनाथ ने बीएलओ का काम करने वाले 6 शिक्षकों का वेतन रोका है। उनके मुताबिक बूथ 221 के बीएलओ ख्वाजा अफसर हुसैन ने 3.14 प्रतिशत, बूथ 219 के बीएलओ लाल जी शर्मा ने 3.90 प्रतिशत, बूथ 214 के बीएलओ राजेश कुमार शर्मा ने 4.57 प्रतिशत, बूथ 208 के बीएलओ अचल सिंह ने 6.77 प्रतिशत, बूथ 136 के बीएलओ मदनलाल ने 7.05 प्रतिशत, बूथ 143 के बीएलओ शरद कुमार पिप्पल ने 9.41 प्रतिशत ऑनलाइन फीडिंग का काम किया है। एसडीएम बाह संतोष कुमार शुक्ला के निर्देश के क्रम में एसआईआर में धीमी गति से काम करने की बजह से अग्रिम आदेशों तक वेतन रोक दिया है। 25 प्रतिशत से कम कार्य करने वाले बीएलओ की ब्लॉक स्तर पर समीक्षा की जाएगी।

### एसडीएम बाह ने बीएलओ के साथ की बैठक



**पिनाहट एनएनआई।** द्वापर नगर पंचायत में उपधिकारी बाह संतोष कुमार शर्मा ने बी एल ओ व नगर पंचायत कर्मचारी के साथ बैठक आयोजित की गई। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय उत्तर प्रदेश के निदेशानुसार तक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। जिसमे बी एलओ ने उपजिलाधिकारी बाह संतोष शुक्ला को अवगत कराया कस्बा के मतदाताओं को कही वार घर घर जाकर समय से फार्म जमा करने की अपील कर चुके है। कहने के बाद भी लापरबाही कर रहे है। उप जिलाअधिकारी बाह संतोष कुमार शुक्ला इस अभियान मे नगर पंचायत के कर्मचारियों को सहयोग कराने के निर्देश दिए है। जिससे समय से फॉर्म प्रतिक्रिया पूरी हो सके।

# स्टेयरिंग फेल होने से मकानों में घुसा अनियंत्रित ट्रक



**पिनाहट एनएनआई।** थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव अर्जुनपुरा में मंगलवार बड़ा हादसा होने से बच गया। भदरौली से पिनाहट की ओर जा रही दूध से भरी एक ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गई। बताया जाता है कि वाहन की स्टेयरिंग अचानक फेल होने से चालक उसे काबू नहीं कर सका और ट्रक सीधा सड़क किनारे बने कई घरों की ओर मुड़ गई। अनियंत्रित ट्रक ने रास्ते में बंधे एक पशु को चपेट में ले लिया, जिससे वह घायल हो गया। सौभाग्य से घटना स्थल पर उस समय कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, वरना बड़ी जनहानि होने की आशंका थी। मकानों के बाहर नाली क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।हादसे की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने ट्रक को हटवाकर यातायात सुचारू कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संस्कृति विवि में द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 28 से

**मथुरा एनएनआई।** दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित संस्कृति विश्वविद्यालय के संतोष ऑडिटोरियम में श्री अरविंदो सोसाइटी के लिविंग वेदा - 2025, मथुरा एडिशन के अंतर्गत "वैदिक ज्ञान के व्यवहारिक उपयोग" विषय पर द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 28 व 29 नवम्बर 2025 को आयोजित की गई है।

संस्कृति विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क अधिकारी किशन चतुर्वेदी ने बताया है कि इस संगोष्ठी का उद्घाटन 28 नवंबर को होगा।इसके विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान, नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल की एक्जीक्यूटिव कमेटी के चेयरमैन प्रोफेसर अनिल सहस्त्रबुद्धि, संस्कृत विश्वविद्यालय, चेन्नई के कुलपति प्रोफेसर श्रीनिवास वारखेड़ी, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा के उपाध्यक्ष शैलजाकान्त मिश्र एवं मुस्लिम स्कॉलर व समाज सुधारक कल्बे रुशैद रिजवी होंगे। उन्होंने बताया है कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में उद्घाटन भाषण संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सचिन गुप्ता देंगे। विषय प्रस्तुति श्री अरविंदो सोसाइटी, कर्नाटक के चेयरमैन डॉ. अजित सबनिस करेंगे।धन्यवाद ज्ञापन साक्षी ट्रस्ट, बंगलुरू (कर्नाटक) के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. आर.वी. जहागिरदार करेंगे।

# बाह में आपूर्ति निरीक्षक को घेर कर पीटा, फाड़े दस्तावेज

**बाह एनएनआई।** बिजौली के रास्ते पर बच्चे की बाइक गाड़ी से टकराने पर हुए विवाद में जैतपुर के आपूर्ति निरीक्षक अभिषेक कुमार को ग्रामीणों ने घेर कर पीट दिया। पुलिस को सूचना देने पर मोबाइल छीनने का प्रयास किया। दस्तावेज फाड़ दिए। आपूर्ति निरीक्षक ने पुलिस को बताया कि सोमवार को बटेश्वर में एसडीएम द्वारा बुलाई गई निर्वाचन संबंधी बैठक के बाद उनके निर्देश पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में मढ़ेपुरा के कोटेदार को बीएलओ का सहयोग हेतु निर्देशित कर तहसील कार्यालय लौट रहा था। तहसील मार्ग पर बिजौली माता मंदिर के पास अनियंत्रित बाइक आती हुई दिखाई दी तो अपनी गाड़ी सड़क किनारे रोक कर खड़ी कर ली। 10-12 साल के बच्चे की बाइक उनकी गाड़ी से टकरा गई। टक्कर के बाद गाड़ी से उतर कर बाइक चला रहे 10-12 साल के बच्चे को उठाया। तब तक उसके पिता एवं अन्य परिजन पहुंच गये और भद्दी गालियां देने लगे। मौके पर कार से उतरे 5-6 लोगों ने घेर कर लात घूसों से पीटा। अपनी गाड़ी से मोबाइल निकाल कर पुलिस को सूचित कर रहा था, तभी एक व्यक्ति गाड़ी से आया और मोबाइल छीन कर पुलिस को सूचना देने से रोकने लगा। विरोध पर गाड़ी में रखे दस्तावेज फाड़ दिए। मौके पर पुलिस को आता देख जान से मारने की धमकी देकर वह अपनी गाड़ी लेकर भाग गया। घटना स्थल से पुलिस ने टक्कर मारने वाली बाइक को कब्जे में लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने मोबाइल छीनने की कोशिश कर सरकारी दस्तावेज फाड़ने वाले व्यक्ति का नाम मढ़ेपुरा का शैलेश बरुआ बताया। उन्होंने शैलेश बरुआ एवं घेर कर मारपीट करने वालों पर मुकदमा दर्ज कराने को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक बाह सत्यदेव शर्मा ने बताया कि आपूर्ति निरीक्षक का मेडीकल कराया है। तहरीर पर एक नामजद समेत बच्चे, उसके पिता एवं परिजन, 5-6 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच एवं तलाश शुरू कर दी है।

# पुरा ताल में सड़क का घटिया निर्माण, ग्रामीणों ने रुकवाया काम



**बाह एनएनआई।** कैंजराघाट-बाह मार्ग से पुरा ताल गांव के लिए पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण करा रही है। मानक के विपरीत घटिया निर्माण होने पर भाजपा कोर कमेटी के सदस्य पवन भदौरिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने काम रुकवा दिया। लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री ब्रजेश सिंह, बाह की विधायक पक्षालिका सिंह, अधिशाषी अभियंता से शिकायत कर निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने एवं मानक के अनुसार सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। पवन भदौरिया ने बताया कि कैंजराघाट मार्ग से 800 मीटर लंबे पुरा ताल मार्ग का निर्माण हो रहा है। 300 मीटर सड़क का निर्माण हुआ है। जिसमें मानक की अनदेखी कर घटिया निर्माण किया गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इसलिए घटिया निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। जांच और दोषी पर कार्यवाही की मांग करने वालों में सर्वेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, मनीष, विकास, नरायन, जयदीप, सुमित, सूरज, पप्पू, मोन्टी आदि रहे।

# श्रीकृष्ण जन्म की कथा श्रवण कर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

एनएनआई

**वृन्दावन।** कालीदह क्षेत्र स्थित राधा कृपा आश्रम में लाला सट्टनलाल अग्रवाल परिवार (मुम्बई) के द्वारा ठाकुरश्री ब्रजवल्लभ लाल महाराज एवं सद्गुरुश्री सन्त मां ब्रजदेवी जी के पावन सानिध्य में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के चौथे दिन व्यासपीठ से प्रख्यात भागवताचार्य सन्तश्री प्रेमधन लालनजी महाराज ने देश-विदेश से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को अपनी मधुर वाणी के द्वारा वामन अवतार, बलि प्रसंग, गंगा अवतरण, श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा श्रवण कराई।

श्रद्धेय सन्तश्री प्रेमधन लालनजी महाराज ने भगवान के दिव्य स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने श्रीकृष्ण के रूप में ब्रज में अवतार लेकर पूरब से लेकर पश्चिम तक धर्म की स्थापना के लिए समस्त राक्षसों का उद्धार कर सभी जीवों को सुख प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर जब-जब अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होने लगती है,तब-तब अधर्म का नाश करने के लिए और धर्म की रक्षा व पुनःस्थापना के लिए भगवान नारायण पृथ्वी पर अवतरित होते हैं।इसीलिए वे तारणहार कहे जाते हैं।

महोत्सव में पधारे श्रीराधा रमण मन्दिर के सेवाधिकारी वैष्णवाचार्य श्रीवत्स गोस्वामी महाराज ने कहा कि



अखिल कोटि ब्रह्मांड नायक भगवान श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर जन्म लेकर न केवल पापियों, अत्याचारियों व दैत्यों का संघार किया बल्कि उन तमाम भक्तों, ऋषियों-मुनियों एवं साधु-संतों की वाणियों को साकार किया, जिन्होंने पूर्व जन्मों में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में संलग्न होने का वरदान प्राप्त किया था।

कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन करके संत श्री प्रेम धन लालन जी महाराज का उनके द्वारा धर्म व अध्यात्म के क्षेत्र में की गई अविस्मरणीय सेवाओं के लिए सम्मान किया। इससे पूर्व भव्य नंदोत्सव आयोजित किया गया।साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की दिव्य झांकी सजाई गई।इसके अलावा जन्म से संबंधित बधाईयों व भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।जिसके अंतर्गत रुपए-पैसे, खेल-खिलौने, वस्त्र-आभूषण आदि लुटाए गए। श्रीराधावल्लभ सम्प्रदायाचार्य गोस्वामी सुकृत लाल महाराज, सन्त बिहारी दास भक्तमाली, राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त प्रख्यात रासाचार्य स्वामी फतेह कृष्ण शर्मा, पण्डित रवि शर्मा (इन्दौर), स्वामी राधाकांत शर्मा (छोटे स्वामी), कृष्णांश शर्मा, मुख्य यजमान अशोक कुमार अग्रवाल (मुम्बई), श्रीमती ऊषा अग्रवाल, अरविन्द कुमार अग्रवाल, श्रीमती भारती अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, श्रीमती कल्पना अग्रवाल, अजय अग्रवाल, आशीष गोयल, सीमा अग्रवाल, ऋतु गोयल, कंचन कृष्ण, साध्वी कुंज दासी, साध्वी प्रिया दासी, साध्वी हरि दासी, गुंजन मेहता, नवीन अग्रवाल, सविता अग्रवाल, अश्विन अग्रवाल व अदिति अग्रवाल (अमेरिका) के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# बिहार में अगड़ा राज!

बिहार में नीतीश कुमार और तत्कालीन उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जाति गणना कराई थी। उनको लग रहा था कि पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों की संख्या सामने आने के बाद मंडल की राजनीति मजबूती से स्थापित होगी। लेकिन विडम्बना देखिए कि जाति गणना के बाद जो पहला चुनाव हुआ उसमें अगड़ा और पिछड़ा का मुद्दा लगभग गायब रहा और पूरी राजनीति 10 फीसदी सवर्णों के इर्द गिर्द घूमती रही। अंत नतीजे में करीब 30 फीसदी सवर्ण विधायक बिहार विधानसभा पहुंचे। नीतीश कुमार 2005 में जब पूर्ण बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बने थे तब यह नारा खूब चला था, ताज कुर्मी का, राज भूमिहार का। हालांकि ताज और राज दोनों नीतीश कुमार का ही था। आगे भी रहा लेकिन उस समय ललन सिंह सबसे पावरफुल मंत्री थे। तब चुनाव हारने के बावजूद नीतीश कुमार ने विजय चौधरी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। अभयानंद बिहार के पुलिस प्रमुख यानी डीजीपी बने थे, जिन्होंने कानून व्यवस्था ठीक करके बिहार के लोगों के मन में सुरक्षा का भाव पैदा किया। यह एकमात्र काम 2010 में एनडीए की ऐतिहासिक जीत का कारण बना था। तब से किसी न किसी रूप में नीतीश राज में सवर्णों का वर्चस्व होने की बात चलती रहती है।इस लिहाज से 2025 का विधानसभा चुनाव वाटरशेड मोमेंट है। 35 साल की मंडल राजनीति के बीच अगड़ी जातियों में यह बात पैंठ गई थी कि उनके हाथ में कभी सीधे सत्ता नहीं आनी है। दूसरी बात जो उनमें पैंठी वह ये है कि किसी एक पार्टी का बंधुआ बन कर रहने का नुकसान होगा। इस बार का चुनाव सवर्णों को हुए इन दोनों इल्हामों का चरम था। एक तरफ पिछड़ी जातियों के बीच सत्ता का संघर्ष था।इसका नतीजा यह हुआ कि जो पार्टियां अगड़ी जातियों को घास नहीं डालती थीं या समझती थीं कि अगड़ी जातियों का विरोध पिछड़ा वोट एकजुट करेगा। पर इससे पार्टियां तश्तरी में टिकट लेकर अगड़ी जातियों के सामने खड़ी हो गईं।लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने खुले दिन से भूमिहार, ब्राह्मण, राजपूत और कायस्थ को टिकट देने का ऐलान कर रखा था। दूसरी ओर जन सुराज पार्टी बना कर प्रशांत किशोर चुनाव मैदान में उतरे थे, जो खुद ब्राह्मण हैं। इस वजह से यह धारणा बन गई थी कि अगड़ी जातियां खास कर भूमिहार और ब्राह्मण प्रशांत किशोर के साथ जा रहे हैं। सो, एक तरफ राजद के नेतृत्व वाला महागठबंधन अगड़ी जातियों को रिझाने में लगा था तो दूसरी ओर जन सुराज का विकल्प सामने खड़ा था। इन दोनों बातों का नतीजा यह हुआ कि भाजपा और जनता दल यू दोनों की मजबूरी हो गई कि वे ज्यादा से ज्यादा सवर्ण उम्मीदवार उतारें।एनडीए का पूरा नेतृत्व पिछड़ी और दलित जातियों का है। जदयू में नीतीश कुमार, भाजपा में सम्राट चौधरी और रालोमो के नेता उपेंद्र कुशवाहा हैं। इसके अलावा दो अन्य सहयोगी पार्टियों के नेता चिराग पासवान और जीतन राम मांझी हैं। लेकिन भाजपा ने अपने कोटे की 101 में से 49 उम्मीदवार अगड़ी जाति के दिए और नीतीश कुमार ने 101 में से 22 अगड़े उम्मीदवार दिए। यानी दोनों बड़ी पार्टियों के 71 सवर्ण उम्मीदवार थे। चिराग पासवान के 29 में से 12 उम्मीदवार सवर्ण थे। मांझी की पार्टी को छह सीटें मिली थीं, जिसमें से दो सवर्ण थे तो कुशवाहा की पार्टी में भी छह में से दो सवर्ण थे। इस तरह एनडीए से 87 यानी करीब 35 फीसदी सवर्ण उम्मीदवार थे।दूसरी ओर महागठबंधन की पार्टियों ने भी खुले दिल से अगड़ी जातियों को टिकट दिए। राष्ट्रीय जनता दल एक भी भूमिहार उम्मीदवार नहीं देती थी, इस बार उसने छह टिकट दिए और दो सीटों पर भूमिहार जीते हैं।जहानाबाद और मटिहानी सीट से राजद के भूमिहार उम्मीदवारों का जीतना बिहार की राजनीति को नई दिशा देना है। फारवर्ड दबदबे का लौटना है।अगर आंकड़ों की बात करें तो इस बार बिहार में 73 सवर्ण विधायक जीते हैं। इनमें राजपूत सबसे ज्यादा 32 हैं तो 25 भूमिहार, 14 ब्राह्मण और दो कायस्थ जीते हैं। बिहार की 243 सदस्यों की विधानसभा में 30 फीसदी सवर्ण विधायक हैं, जिनकी आबादी 10 फीसदी बताई जाती है। यानी आबादी के अनुपात में तीन गुना सवर्ण विधायक हैं। 26 मंत्रियों की जो सरकार बनी है उसमें भी लगभग एक तिहाई यानी आठ मंत्री सवर्ण हैं। हालांकि इस संख्या से भी पूरी तस्वीर सामने नहीं आती है। पूरी तस्वीर जमीन पर दिखती है। इस बार दोनों गठबंधनों में और जन सुराज पार्टी में भी जमीन पर चुनाव लड़ने और लड़ाने वाले चेहरे सवर्ण दिख रहे थे। उनको नेता नीतीश कुमार या सम्राट चौधरी या तेजस्वी यादव को ही बनाना था लेकिन चुनाव की कमान उनके हाथ में थी। पिछड़ी जातियों में उनके प्रति दूरी या नफरत नहीं थी, बल्कि उन्हीं से उम्मीद थी कि वे उनके नेता को बिहार की सत्ता दिला सकते हैं।असल में जाति गणना ने बिहार की राजनीति को बिल्कुल दूसरी तरह से प्रभावित किया है। इसके आंकड़ों ने बिहार की सबसे बड़ी जाति यानी यादव को लगभग पूरी तरह से अलग-थलग कर दिया। बिहार में अत्यंत पिछड़ी जातियों की आबादी 36 फीसदी है, जिसमें 26 फीसदी हिंदू अति पिछड़े हैं। इस 26 फीसदी में कुल 80 जातियां हैं, जिनमें से सिर्फ तीन ऐसी हैं, जिनकी आबादी दो फीसदी या उससे ज्यादा है। जैसे ही इन जातियों की संख्या सामने आई इनके अंदर एक प्रतिस्पर्धा का भाव पैदा हुआ। राजनीतिक सत्ता में हिस्सेदारी की ललक जगी। उनको अहसास हुआ कि उनके हिस्से का लाभ सिर्फ एक संख्या बल (जैसे यादव, कुर्मी) से मजबूत जाति को मिल रहा है। एक तरफ ये जातियां और ज्यादा बंटी तो दूसरी ओर 10 फीसदी सवर्ण आबादी एकजुट हुई। उधर पिछड़ा पहचान टूट रही थी। वही दूसरी ओर सवर्ण पहचान मजबूत हो रही थी। इस 10 फीसदी की एकजुटता का कमाल बिहार की राजनीति में दिखा है।



# पर्यटन क्षेत्र में दें करियर को नया आयाम

**तेजी से बढ़ते घरेलू पर्यटन की वजह से पर्यटन क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के खूब अवसर देखे जा रहे हैं। पर्यटन में कैसे आप भी अलग-अलग तरह के अपने टूर आइडियाज के जरिए यहां अच्छा पैसा कमा सकते हैं। पर्यटन क्षेत्र में करियर बनाने के लिए वर्तमान समय में ढेरों कोर्सेज उपलब्ध हैं जिनसे आप इसकी बारीकी सीख सकते हैं।**

पर्यटन की दुनिया अब बदल रही है। पर्यटन का स्वरूप अब वैसा नहीं रहा, जैसा पहले हुआ करता था। आज का पर्यटन स्मारकों को देखने से आगे बढ़ चुका है। अब आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन का क्रेज देखा जा रहा है। आज के पर्यटकों को कुछ अलग अनुभव और संतुष्टि देने वाले टूर आइडियाज अधिक पसंद आ रहे हैं, जैसे कि रिजेनरेटिव पर्यटन, क्यूरेटिव पर्यटन, होमस्टे आदि तथा पर्यटकों के लिए चल रहे स्थानीय कुकिंग क्लासेज, जिसमें पर्यटकों को विधि बताकर उनसे ही खाना तैयार कराया जाता है।

इससे उन्हें किसी स्थानीय व्यंजन को बनाने और उसका स्वाद चखने का एक अलग ही आनंद मिलता है। इसी तरह दिल्ली जैसे शहरों में कुछ युवा फूड वाक कराने का टूर पैकेज पेश कर रहे हैं, जिसमें वे पर्यटकों को कुछ खास बाजारों की सैर कराते हैं, जो खाने-पीने की चीजों के लिए चर्चित हैं। कुछ युवा घुमाने के साथ-साथ सस्ती शॉपिंग कराने के ऑफर के जरिए पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

आनलाइन पहुंच बढ़ने से पर्यटक इस तरह के टूर का भी इन दिनों आनंद ले रहे हैं यानी नए-नए तरह के टूर कांसेप्ट पेश किये जा रहे हैं,



जो पर्यटकों को अलग अनुभव दिलाते हैं। आपको भी घूमने-घुमाने का शौक है तो आप भी अपने शहर में आने के लिए पर्यटकों को लुभा सकते हैं और बदले में अच्छा पैसा भी कमा सकते हैं।

इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपको स्टोरी टेलिंग आनी चाहिए ताकि पर्यटक आप तक खिंचे चले आएं। पर्यटन में रोजगार और स्वरोजगार दोनों ही मौके हैं। आप चाहें तो नौकरी कर सकते हैं या फिर अपनी टूर कंपनी बना सकते हैं। इन दिनों देश में ऐसी छोटी कंपनियां खूब देखी जा रही हैं, जो एकदम माइक्रो लेवल पर काम करती हैं। देश के विभिन्न शहरों में ऐसी कंपनियां लोगों को अयोध्या के राममंदिर, बनारस के काशीधाम, उज्जैन के महाकाल आदि के दर्शन के नाम पर खूब ग्रुप टूर आफर कर रही हैं और लोग ऐसे मौके का लाभ भी उठा रहे हैं।

**घरेलू पर्यटन के चलते भी मिल रहे अवसर**

घरेलू पर्यटन लगातार बढ़ने से ट्रैवल पोर्टल, टूर एंड ट्रैवेल ऑफिस, होटल्स आदि जगहों पर नौकरी भी पा सकते हैं। टूर गाइड का पेशा इस सेक्टर में हमेशा से एक सदाबहार पेशा रहा है। लेकिन इस पेशे में अब नया बदलाव यह आया है कि टूर गाइड बनने के लिए लोगों को अपने शहर से दूर जाने की जरूरत नहीं है। टूरिस्ट डेस्टिनेशन के आसपास रहने वाले लोग ही अब इस तरह की सेवाएं देने लगे हैं। इससे इस पेशे में भी विस्तार हो रहा है। वहीं, नौकरीपेशा या व्यस्त लोग इन दिनों टूर प्लानर की खूब सेवाएं लेते देखे जा रहे हैं, जो लोगों के लिए टूर की प्लानिंग करने में मदद करते हैं, उन्हें गाइड करते हैं कि कैसे किसी डेस्टिनेशन तक पहुंचना है, वहां रहने और खाने की व्यवस्था करनी है। ऐसे टूर प्लानर आपके बजट के अनुसार टूर की प्लानिंग कर देते हैं।

**पार्ट टाइम जॉब का भी विकल्प**

पर्यटन सेक्टर आजकल तमाम युवाओं के लिए पार्ट टाइम जॉब का विकल्प भी बनता जा रहा है, जैसे अगर किसी का घर किसी टूरिस्ट डेस्टिनेशन के पास में है तो वह पर्यटकों को होमस्टे की सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। बहुत से युवा घर बैठे किसी होटल, रेस्त्रां या रिसोर्ट आदि के लिए डिजिटल मार्केटिंग जैसी सेवाएं दे रहे हैं। कुछ लोग अपना पोर्टल बनाकर पर्यटकों को अलग-अलग पर्यटन के विकल्प उपलब्ध करा रहे हैं।

पहले की तरह अब लोग एक नौकरी में ही बंधकर पूरी जिंदगी बिताना नहीं चाहते। पर्यटन का क्षेत्र ऐसे युवाओं के लिए बेहतर विकल्प है। यहां आप टूर गाइड, टूर प्लानर के रूप में काम कर सकते हैं, जब मन भर जाए तो अपनी टूर कंपनी शुरू कर सकते हैं, अपना होटल/रेस्त्रां शुरू कर सकते हैं।

कार्स एवं योग्यता

देश में कई कॉलेज /यूनिवर्सिटी में टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी से संबंधित कोर्स हैं, जहां से बैचलर आफ टूरिज्म एंड ट्रैवेल मैनेजमेंट या बैचलर आफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी जैसे कोर्स कर सकते हैं। 12वीं उत्तीर्ण युवा इनमें प्रवेश ले सकते हैं।



**टैरिफ फ्री सेक्टर है टूरिज्म**

आज के समय में देश में टूरिज्म ऐसा सेक्टर है, जो टैरिफ फ्री है। इसका मतलब यह कि टैरिफ कुछ भी रहे, देश के टूरिज्म सेक्टर पर इसका बहुत असर नहीं पड़ेगा। इसलिए सरकार का भी फोकस इनबाउंड टूरिज्म पर फिर से बढ़ गया है, ताकि ज्यादा विदेशी आएं। दूसरा यह कि देश का आध्यात्मिक या धार्मिक टूरिज्म आज बहुत बड़ा सेक्टर बन चुका है। घरेलू पर्यटन भी पहले से काफी बढ़ गया है। सरकार का स्वरोजगार और आत्मनिर्भर भारत पर पूरा जोर है। ऐसे में टूरिज्म इसका सबसे अच्छा उदाहरण है, क्योंकि जब देश में टूरिज्म बढ़ रहा है तो इसमें सेवा देने वाले लोग भी चाहिए। ऐसे छोटे उद्यमी भी चाहिए, जो अयोध्या, वाराणसी या उज्जैन जैसी जगहों पर अपने शहर के लोगों को ग्रुप टूर करा सकें या मनाली, शिमला जैसी जगहें घुमा सकें। देखा जाए तो टूरिज्म की वास्तविक प्रकृति ही बिजनेस वाली है।



# फैंस की वजह से हफ्ते में एक बार रो पड़ती हैं अनीत पड्डा

अनीत पड्डा ने हाल ही में बताया कि वह बहुत जल्दी इमोशनल हो जाती हैं। वह हफ्ते में एक बार कुछ ऐसा देख लेती हैं कि खुद को रोने से रोक नहीं पाती हैं। उनका कहना है कि इन खास चीजों में उनको प्यार महसूस होता है। जिससे उन्हें अपने काम को और बेहतर करने का दबाव भी महसूस होता है। 23 साल की अनीत ने ग्राजिया इंडिया से बातचीत में कहा, 'मैं बहुत संवेदनशील हूं। जो प्यार मुझे फैंस से मिल रहा है, उसके साथ न्याय करने की जिम्मेदारी कभी-कभी भारी लगती है। ये बहुत खूबसूरत है, लेकिन कई बार बहुत ज्यादा भी हो जाता है।' अनीत कहती हैं कि फैंस का इतना प्यार देखकर अच्छा लगता है, लेकिन उम्मीद भी बढ़ जाती है कि वह उस प्यार के लायक बनें। यही वजह है कि फैन एडिट्स देखकर उनकी आंखें भर आती हैं। अनीत ने मॉडलिंग से अपना करियर शुरू किया। 2022 में उन्होंने काजोल के साथ फिल्म 'सलाम वेंकी' से छोटी भूमिका निभाई, लेकिन उन्हें असली पहचान नहीं मिली। इसके बाद 2024 में अनीत ने वेब सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में अभिनय किया, लेकिन फिर भी लोगों ने उन्हें नोटिस नहीं किया। साल 2025 में फिल्म सैयारा ने उन्हें रातोंरात सुपरस्टार बना दिया। अहान पांडे के साथ फिल्म 'सैयारा' अनीत के करियर की ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई। अनीत पड्डा जल्द ही हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। 'शक्ति शालिनी' मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की एक आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में अनीत पड्डा मुख्य भूमिका निभाएंगी। यह फिल्म दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।



# सेलिना जेटली ने पति पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया

## 50 करोड़ रुपए का मुआवजा और बच्चों की कस्टडी मांगी, 15 साल बाद शादी में आई दरार

बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने अपने पति पीटर हाग के खिलाफ मुंबई की एक लोकल कोर्ट में डोमेस्टिक वायलेंस का केस किया है। सेलिना ने अपने पति पर इमोशनल, फिजिकल, सेक्शुअल अब्यूज जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने 50 करोड़ रुपए की मुआवजे के साथ हर महीने 10 लाख रुपए का मेंटेनेंस मांगा है।

एक्ट्रेस की तरफ से 21 नवंबर को मुंबई की अदालत में याचिका दायर की गई थी। याचिका पर 24 नवंबर को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट एस सी ताड्ये ने सुनवाई की, जिसके बाद ऑस्ट्रियाई बिजनेसमैन और होटल व्यवसायी पीटर को नोटिस जारी किया गया।

अपनी याचिका में सेलिना ने कहा कि उनके 48 वर्षीय पति एक आत्ममुग्ध और सेल्फ-एब्जॉर्ब्ड इंसान हैं, जो उनके या उनके बच्चों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं रखते हैं। शादी के 15 साल बाद दोनों अलग होंगे। उन्होंने दावा किया कि उनके पति ने उन्हें इमोशनल, फिजिकल, सेक्शुअल और वर्बल अब्यूज किया है, जिसके कारण उन्हें ऑस्ट्रिया में अपना घर छोड़कर भारत लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। कानूनी फर्म करंजवाला एंड कंपनी की तरफ से फाइल की गई याचिका में एक्ट्रेस के लिए 10 लाख रुपए मासिक गुजारा भत्ता मांगा गया है। साथ ही अदालत से पीटर को उनके मुंबई स्थित घर में एंट्री करने से रोकने की मांग की गई है। एक्ट्रेस ने अपने तीन बच्चों की कस्टडी भी मांगी, जो फिलहाल ऑस्ट्रिया में पीटर के साथ रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे होने के बाद पीटर ने अलग-अलग बहानों से उन्हें काम करने से रोक दिया। इससे उनकी फाइनेंशियल इंडिपेंडेंसी पर असर पड़ा।

# 10 साल बाद शिल्पा शिंदे फिर बनेंगी अंगूरी भाभी, शुभांगी अत्रे बोली- मैं पूरी तरह तैयार हूं





टीवी के पॉपुलर शो 'भाबी जी घर पर हैं' में 10 साल बाद बड़ा बदलाव होने जा रहा है। शो में 10 साल से अंगूरी भाभी का रोल निभाने वाली शुभांगी अत्रे ने शो को अलविदा कह दिया है। इससे पहले एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे अंगूरी भाभी का किरदार निभाती थीं लेकिन 10 साल पहले शुभांगी ने उन्हें रिप्लेस किया था। अब खबरों की माने तो फिर से इस रोल में शिल्पा शिंदे की वापसी हो रही है।

एक इंटरव्यू में शुभांगी ने अपनी जर्नी पर बात करते हुए कहा- 'मैंने हमेशा मिसेज कोहली से कहा था कि शो में मेरा सफर आन, बान और शान से शुरू होगा और वैसे ही खत्म होगा। मैं इससे अच्छे फेयरवेल की उम्मीद नहीं कर सकती थी। मुझे क्यों रिप्लेस किया जा रहा है, उसमें उलझने का कोई मतलब नहीं है। मैं इसे एक आशीर्वाद के रूप में देखती हूं। क्योंकि एक आर्टिस्ट के रूप में, मैं नए किरदारों को तलाशना चाहती हूं। यहां से निकलने के बाद फिर से काम की तलाश करूंगी। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद, अब मैं पूरी तरह से तैयार हूं और सिर्फ अपनी बेटी और काम पर फोकस कर रही हूं।' शुभांगी ने आगे कहा- 10 साल जिस शो का हिस्सा रही हूं, उसे छोड़ना इमोशनल कर रहा है। शो छोड़ना घर छोड़ने जैसा है। शूट के आखिरी दिनों में काफी इमोशनल हो गई थी। अंगूरी का किरदार मेरे लाइफ का हिस्सा बन गया था। मैं इस शो की शुक्रगुजार हूं क्योंकि इसने मुझे बहुत कुछ दिया है।

शुभांगी ने शो में शिल्पा शिंदे की वापसी पर भी बात की। उन्होंने कहा- मैं अब इस रिप्लेसमेंट गेम को खत्म कर रही हूं। मैंने अपनी मां से कहा कि शिल्पा ने इस शो को 9-10 महीने में छोड़ दिया था। उस वक्त मुझे ऐसा महसूस हुआ जैसे वो न्यूबॉर्न बेबी सौंपकर गई हैं। आज वो बच्चा 10 साल का हो गया है। अब मैं इसे वापस कर रही हूं। मैंने 10 साल तक उसे वैल्यू और संस्कार दिए। मैं शिल्पा शिंदे और पूरी टीम को इस शो के 2.0 वर्जन के लिए ऑल द बेस्ट कहूंगी। शुभांगी ने छोटे पर्दे पर एकता कपूर के शो 'कसौटी जिंदगी की' से करियर की शुरूआत की थी। उसके बाद 'कस्तूरी' में मेन लीड में नजर आईं। इस शो से शुभांगी को काफी पॉपुलैरिटी मिली। 'भाबी जी घर पर हैं' शो से जुड़ने से पहले शुभांगी 'दो हंसों का जोड़ा' शो में भी नजर आई थीं। साल 2016 से वो 'भाबी जी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभा रही थीं।

# भारतीय शेर घर में फिर हुए ढेर

## टेस्ट में भारत की सबसे बड़ी हार: द अफ्रीका ने 408 रन से मैच जीता, 2-0 से सीरीज अपने नाम की



**गुवाहाटी।** भारत को घर पर एक और शर्मनाक हार मिली है। दक्षिण अफ्रीका ने गुवाहाटी टेस्ट 408 रन से जीतकर भारत का दो मैचों की टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ कर दिया। कोलकाता टेस्ट को दक्षिण अफ्रीका ने 30 रन से अपने नाम किया था। दक्षिण अफ्रीका ने 549 रन का लक्ष्य रखा था। विश्व टेस्ट चैंपियन ने भारत को दूसरी पारी में 140 रन पर समेट दिया और 408 रन से जीत दर्ज की। यह भारत का ओवरऑल टेस्ट में और घर पर रनों के अंतर से सबसे बड़ी हार है। इससे पहले टीम इंडिया को 2004 में ऑस्ट्रेलिया ने नागपुर में 342 रन से हराया था।

13 महीने के अंदर घर पर भारत को दूसरी बार किसी टीम ने टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले अक्तूबर-नवंबर 2024 में न्यूजीलैंड ने भारत को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराया था। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से भी यह हार शर्मनाक है। भारत की उम्मीदों को झटका लगेगा। द. अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी 201 रन पर सिमट गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को फॉलोऑन नहीं खिलाते हुए दूसरी पारी में बल्लेबाजी की और पांच विकेट पर 260 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। पहली पारी के आधार पर मिली 288 रन की बढ़त को मिलाकर कुल बढ़त 548 रन की हुई और भारत के सामने 549 रन का लक्ष्य रखा। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने यशस्वी जायसवाल (13) और केएल राहुल (6) के विकेट गंवा दिए थे। बुधवार को साई सुदर्शन 14 रन, कुलदीप यादव पांच रन, ध्रुव जुरेल दो रन और कप्तान ऋषभ पंत 13 रन बनाकर आउट हुए। वॉशिंगटन सुंदर ने 16 रन की पारी खेली। जडेजा ने टेस्ट करियर का 28वां अर्धशतक लगाया, लेकिन 87 गेंद में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 54 रन बनाकर आउट हो गए। नीतीश रेड्डी और सिराज खाता नहीं खोल सके। दक्षिण अफ्रीका की ओर से साइमन हार्मर ने छह विकेट लिए। केशव महाराज को दो विकेट मिले, जबकि मार्को यानसेन और मुथुसामी को एक-एक विकेट मिला।

## टीम इंडिया की गिरती फॉर्म पर उठे सवाल

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया की लगातार खराब टेस्ट प्रदर्शन को लेकर अब आवाजें तेज होने लगी हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मुश्किल स्थिति के बीच पूर्व कप्तान विराट कोहली के बड़े भाई विकास कोहली ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर टीम मैनेजमेंट पर अप्रत्यक्ष तरीके से निशाना साधा है। भारत ने पहला टेस्ट गंवाया था और दूसरे टेस्ट में भी टीम संघर्ष करती दिख रही है। इसी संदर्भ में विकास का पोस्ट चर्चा में है। उन्होंने कोच गौतम गंभीर और टीम मैनेजमेंट का नाम लिए बिना निशाना साधा है।

थ्रेड्स पर विकास कोहली ने लिखा, 'पहले हम विदेशी जमीन पर जीत के लिए खेलते थे। अब भारत में भी मैच बचाने के लिए खेल रहे हैं। यही होता है जब आप बिना वजह उन चीजों को बदलते हो, जो टूटी ही नहीं थीं।' उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन माना जा रहा है कि निशाना मुख्य कोच गौतम गंभीर और नई मैनेजमेंट टीम की तरफ था।

## आईसीसी टी20 विश्व कप सात फरवरी से, भारत-पाकिस्तान फिर एक ग्रुप में

**मुंबई।** अगले साल होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप का कार्यक्रम मंगलवार को घोषित हो गया है। 20 टीमों के बीच खेले जाने वाले इस वैश्विक टूनार्मेंट की मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे। भारत इस टूनार्मेंट में खिताब बचाने के इरादे से उतरेगा। भारत ने 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। यह इस टूनार्मेंट का 10वां संस्करण है। टी20 विश्व कप की शुरूआत सात फरवरी से होगी।

आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 का कार्यक्रम दिग्गजों की उपस्थिति में जारी किया




गया। इस कार्यक्रम में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, 2024 में अपनी कप्तानी में टी20 विश्व कप दिलाने वाले पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, मौजूदा भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष मिथुन मनहास, सचिव देवजीत सैकिया और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला शामिल रहे। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने बताया कि टी20 विश्व कप 2026 के मुकाबले भारत और श्रीलंका के आठ स्थलों पर आयोजित होंगे। भारत में कुल पांच स्थानों पर मैच खेलें जाएंगे, जबकि श्रीलंका के तीन स्थलों पर इस वैश्विक टूनार्मेंट के मैच आयोजित होंगे। भारत में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद इस टूनार्मेंट के मैचों की मेजबानी करेंगे। वहीं, कोलंबो का आर प्रेमादासा और एस स्पोर्ट्स क्लब में मैच होंगे, जबकि कैंडी का पल्लेकेले इंटरनेशनल स्टेडियम भी मैच की मेजबानी करेगा।

**चार ग्रुप में बंटी टीमें**

भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में शामिल हैं। भारत के अलावा ग्रुप ए में पाकिस्तान, अमेरिका, नीदरलैंड्स और नामीबिया की टीम है। ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, सह-मेजबान श्रीलंका, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और ओमान हैं। ग्रुप सी में इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, नेपाल और इटली मौजूद हैं। वहीं, ग्रुप डी में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, कनाडा और यूएई की टीम है।

## बुधवार, 26 नवम्बर राशिफल

मेष राशि के जातकों का आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। किन्तु आप अपने व्यवहार से माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे।

आज वृष राशि वालों का दिन पारिवारिक जनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्ष वर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। सायंकाल के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है।

पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से मिथुन राशि के लोगों को किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। आज के दिन व्यस्तता अधिक रहेगी। इस दौरान व्यर्थ के खर्चो से बचें। शाम से लेकर रात्रि तक शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें।

राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का प्रथम होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति कराएगा। इससे कर्क राशि के जातकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आज के दिन व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी।

राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। इस दौरान रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा। आज के दिन आंखों से जुड़ी कोई परेशानी हो सकती है।

आज कार्यक्षेत्र में आपकी तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जायेगी। राजकीय मदद भी मिलेगी।

आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे, प्रभावी ढंग से अपनी बात कहने की क्षमता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति की वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और इस दौरान प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी सम्बन्धी के कारण तनाव बढ़ सकता है। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है।

आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे।

राशि स्वामी शनि की द्वितीय स्थिति के कारण पत्नी को अकस्मात शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें।

वैवाहिक जीवन आनन्द दायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में बढ़ती प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सायंकाल के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752


AEROCITY
INVEST RIGHT - FLY HIGH
COMING SOON
ADA APPROVED
Near Jewar International Airport
CERTIFIED ISO 9001
Developed By
MANGAL
Marketed By
BPA
Balaji™
Properties Arcade
UPRERAAGT11143
9119012345